मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर-दिसम्बर, 2011 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 21 नवम्बर, 2011 (कार्तिक 30, 1933)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन का उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री भागवत झा आजाद, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री,
(2) श्री वसंत साठे, पूर्व केन्द्रीय मंत्री,
(3) डॉ. सुशील चंद्र वर्मा, पूर्व सासंद,
(4) श्री विभाष चन्द्र बैनर्जी, पूर्व सदस्य विधान सभा,
(5) श्री डालचंद जैन, पूर्व सदस्य विधान सभा,
(6) श्री देवेन्द्र सिंह, पूर्व सदस्य विधान सभा,
(7) श्री लालचंद मित्तल, पूर्व सदस्य विधान सभा,
(8) श्री पतिराज सिंह, पूर्व सदस्य विधान सभा,
(9) श्री कैलाश प्रसाद सोनकर, पूर्व सदस्य विधान सभा, तथा
(10) श्री के.पी. तिवारी, पूर्व सचिव मध्यप्रदेश विधान सभा.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. अध्यादेश का पटल पर रखा जाना

डॉ. नरोत्तम मिश्रा, विधि और विधायी कार्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश वेट (संशोधन) अध्यादेश, 2011 (क्रमांक 2 सन् 2011) पटल पर रखेंगे.

4. जुलाई, 2011 सत्र के प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना

5. नियम 267-क के अधीन जुलाई, 2011 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

6. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

7. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री आरिफ अकील, डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, छतरपुर में पुलिस कर्मियों द्वारा छत से एक युवक को धकेलने से मृत्यु होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री सुदर्शन गुप्ता, सदस्य, इन्दौर शहर में अतिक्रमण से यातायात बाधित होने से उत्पन्न स्थिति की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

8. सभापति तालिका की घोषणा

9. मंत्रि मंडल पर अविश्वास का प्रस्ताव

श्री अजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

"यह सदन मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में गठित मंत्रि मंडल के प्रति अविश्वास प्रकट करता है."

राजकुमार पांडे
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 20 नवम्बर, 2011